



**Patna University In News (10.09.2022)**

# बीकॉम वोकेशनल में 12 तक होगा एडमिशन, जारी हुई मेरिट लिस्ट

**संवाददाता, पटना**

पटना यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन में एडमिशन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है. इसके बाद कॉलेजों में बची सीटों पर एडमिशन की जिम्मेदारी कॉलेजों को दी गयी है. वहीं, बीकॉम वोकेशनल कोर्स में खाली सीटों को अब बीकॉम रेगुलर कोर्स में आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स से भरा जायेगा. एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट शुक्रवार को पीयू ने वेबसाइट पर जारी कर दिया है. जिनके नाम मेरिट लिस्ट में शामिल हैं, वे अपने एप्लीकेशन आइडी और पासवर्ड की मदद से लॉगइन होकर अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर सकते हैं. एडमिशन शुल्क ऑनलाइन पेमेंट कर एप्लीकेशन फॉर्म का प्रिंट, अलॉटमेंट लेटर, पेमेंट स्लिप व सभी डॉक्यूमेंट्स के साथ 11 से 12 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक अलोटेड कॉलेज में जाकर एडमिशन ले सकते हैं. ऑनलाइन पेमेंट के लिए पोर्टल 10 से 12 सितंबर शाम चार बजे तक खुला रहेगा. कुलपति ने कहा था कि बीकॉम वोकेशनल कोर्स जो मगध महिला कॉलेज और वाणिज्य महाविद्यालय में चल रहा है. इन दोनों कॉलेजों में बीकॉम वोकेशनल कोर्स के 279 खाली बची सीटें है जिनका एडमिशन बीकॉम रेगुलर कोर्स में नहीं हो सका उन्हें बीकॉम वोकेशनल कोर्स में एडमिशन लेने की अनुमति दे दी गयी है. इस निर्णय के बाद वैसे आवेदकों जिन्होंने बीकॉम रेगुलर के लिए आवेदन दिया था और उन्हें बीकॉम रेगुलर कोर्स में एडमिशन का मौका नहीं मिल पाया, उन्हें बीकॉम वोकेशनल कोर्स में एडमिशन लेने का मौका दिया जा रहा है.


प्रभात खबर Sat, 10 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/7006462



दैनिक भास्कर


**आगाज • बैडमिंटन, बास्केट बॉल और कबड्डी सहित 23 खेलों को मंजूरी**

# पटना विश्वविद्यालय का वार्षिक कैलेंडर जारी, 13 से शुरू होंगे खेल

**एजुकेशन रिपोर्टर | पटना**

पटना विश्वविद्यालय में वार्षिक कैलेंडर 2022-23 के तहत सभी कॉलेजों में खेल का आयोजन किया जाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने 23 खेलों को मंजूरी दी है। कोरोना के समय खेल नहीं हो पाया था। इसे 2021-22 सेशन से शुरू किया गया है। स्पोर्ट्स बोर्ड के सेक्रेटरी शिव सागर प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक साल विवि में खेल का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी खेल का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए तैयारी की जा रही है।

## सबसे पहले चेस एवं टेबल टेनिस पुरूष और महिला खेल का होगा आयोजन


सबसे पहले चेस एवं टेबल टेनिस पुरुष और महिला खेल का आयोजन होना है। जिसकी इंट्री 10 सितंबर तक होगी। वहीं खेल का आयोजन 13, 14 और 15 को होगा। जो लॉ फैक्ल्टी और साइंस कैम्पस में खेला जाएगा। बैडमिंटन पुरुष और महिला के लिए एंट्री 12 सितंबर तक होना है। मेंस बैडमिंटन 16 सितंबर को पटना साइंस कॉलेज और वीमेंस बैडमिंटन मगध महिला कॉलेज में होगा। वीमेंस बास्केट बॉल एवं मेंस बॉस्केट बॉल के लिए रजिस्ट्रेशन 16 सितंबर तक होगा। खेल का आयोजन 20 सितंबर को मगध महिला और बीएन कॉलेज में किया जाएगा। कबड्डी मेंस एवं वीमेंस के लिए एंट्री 16 सितंबर को ले सकेंगे जबकि 21-22 को खेल का आयोजन कॉलेज ऑफ क्राफ्ट में होगा। वॉलीबॉल मेंस एवं वीमेंस का रजिस्ट्रेशन 20 सितंबर तक होना है। मेंस 23-24 सितंबर को बीएन कॉलेज में खेलेंगे वहीं वीमेंस 24 सितंबर को मगध महिला कॉलेज होगा। फुटबॉल मेंस के लिए एंट्री 20 तक होगी और 27-28 को पटना कॉलेज में खेल होगा। क्रिकेट मेंस और वीमेंस की एंट्री 24 तक होगी। दोनों 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक पटना साइंस कॉलेज में खेलेंगे। बॉल बैंडमिंटन मेंस और वीमेंस के लिए रजिस्ट्रेशन 30 सितंबर तक होगा। खेल का आयोजन 11 और 12 अक्टूबर को बीएन कॉलेज और मगध महिला कॉलेज में होगा। मेंस और वीमेंस ताइक्वांडो में दोनों के लिए एंट्री 18 अक्टूबर तक होगा। खेल का आयोजन 20 और 21 अक्टूबर को पटना ट्रेनिंग कॉलेज में होना है।



पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917




## Patna University In News (10.09.2022)

**दैनिक भास्कर**

### पीजी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी

**पटना** | पटना विवि में पीजी आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स, और वोकेशनल कोर्स में फाइन आर्ट्स, लाइब्रेरी साइंस में नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर तक है। पहले छात्र 7 सितंबर तक आवेदन कर सकते थे। आवेदन की तिथि तीसरी बार बढ़ाई गई है। पीजी और स्नातक दोनों के लिए लाइब्रेरी साइंस में छात्र फार्म भर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अलग-अलग विषयों में नामांकन शुरू होगा।

### पीयू स्नातक में खाली सीटों पर नामांकन 11 या 12 को

**पटना** | पटना विश्वविद्यालय के स्नातक में नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। कुछ विषयों में सीटें खाली रह गई हैं। कॉलेज अपने स्तर से पीयूसीईटी 2022 के स्कोर के आधार पर नामांकन ले सकते हैं। गुरुवार को विवि के एडमिशन कमेटी की बैठक कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी के नेतृत्व में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि छात्र सभी डॉक्यूमेंट्स के साथ 11 या 12 सितंबर को सुबह 10.30 से 4.30 बजे तक नामांकन ले सकते हैं।

**दैनिक भास्कर**

### पटना विवि में लॉ के लिए आवेदन 12 तक

**पटना** | पटना विश्वविद्यालय में सत्र 2022-2025 एलएलबी में नामांकन के लिए आवेदन 12 सितंबर तक कर सकते हैं। पहले आवेदन करने की तिथि 7 सितंबर तक रखी गयी थी। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से ली जा रही है। आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। वैसे छात्र जो स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा दिए हैं, वह भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

**दैनिक जागरण**

### अक्टूबर में होगा पीयू में छात्र संघ का चुनाव

**जासं, पटना** : पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन अक्टूबर माह में चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है। विश्वविद्यालय में छात्र संघ का अंतिम चुनाव वर्ष 2019 में हुआ था। कोरोना के कारण दो से साल चुनाव नहीं हुआ। महामारी के बाद विश्वविद्यालय खुला तो सत्र नियमित नहीं रहा। अब विश्वविद्यालय का मानना है कि सत्र पटरी पर आ गया है। स्नातक के पाठ्यक्रमों में नामांकन पुरा हो चुका है। कक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी है। पीजी में इस माह तक नामांकन कार्य पुरा कर लिया जाएगा। छात्र संघ चुनाव कराने में कोई दिक्कत नहीं है।



**14 अगस्त को खुद खत्म हो जाता है**

**कार्यकाल** : नियमानुसार प्रत्येक वर्ष चुनाव होना चाहिए। 14 अगस्त को छात्र संघ कमेटी स्वतः भंग हो जाती है। नियमानुसार छात्र संघ चुनाव 14 अगस्त के बाद कभी कराया जा सकता है। कुलानुशासक प्रो रजनीश कुमार ने कहा कि अक्टूबर महीने में छात्र संघ चुनाव होगा। यह चुनाव लिंगदोह कमेटी के नियमानुसार ही होगा। नामांकन लगभग पुरा हो चुका है। शेष नामांकन सितंबर में हो जाएगा।

छात्र संघ चुनाव प्रत्येक वर्ष होनी चाहिए। चुनाव होने से छात्रों को राजनीति में आने के लिए एक प्लेटफार्म मिलता है। इससे देश व प्रदेश के राजनीति में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में प्रवेश होता है। विश्वविद्यालय चुनाव करा रहा है तो यह स्वागतयोग्य कदम है।

**दिव्यांशु भारद्वाज**, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय

छात्र संघ चुनाव प्रत्येक वर्ष होना चाहिए। लेकिन अभी पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव का उचित समय नहीं है। विश्वविद्यालय सत्र विलंब से चल रहा है। पहले विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र को नियमित करे।

**मनीष यादव**, छात्र संघ अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय